BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 12 जून, 2024 थाना कोतवाली देहात

लूट की झूठी सूचना देने वाला शातिर अभियुक्त अपने एक अन्य साथी के साथ गिरफ्तार, कब्जे से गबन किये हुए 2,36,750/- रूपये, 01 मोटरसाईकिल, 02 मोबाइल फोन आदि बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 10.06.2024 को पुष्पेन्द्र शर्मा निवासी भडौली थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर जो उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस शाखा बुलन्दशहर मे सीआरओ के पद पर कार्यरत था, ने डायल 112 पर सूचना दी कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के हजरतपुर मार्ग पर बाइक सवार अज्ञात बदमाश कस्टमर की किस्तो के रूपये लूट कर ले गये है।

उक्त घटना के क्रम में जाँच/छानबीन, सीसीटीवी फुटेज व तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर उक्त सूचना झूठी पायी गयी तथा यह तथ्य प्रकाश मे आया कि पुष्पेन्द्र उपरोक्त द्वारा अपने साथी लवकेश के साथ मिलकर लूट की झूठी योजना बनायी गयी थी तथा योजनानुसार कस्टमर की किस्त के रूपये अपने साथी लवकेश को दे दिये। इस सम्बन्ध मे थाना कोतवाली देहात पर मुअस 331/24 धारा 409/120बी भादवि पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 12.06.2024 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा दोनो अभियुक्तो को गबन किये हुए रूपये सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम विधिक कार्यावही करते हुए अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. पुष्पेन्द्र शर्मा पुत्र रूपेन्द्र शर्मा निवासी भड़ौली थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर।
2. लवकेश पुत्र खेमचन्द निवासी जसनावली थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 2,36,750/- रूपये (गबन किये हुए)
2- 01 मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर नं0 UP-13CD-3281
3- 02 मोबाइल फोन (भिन्न -भिन्न कम्पनी), 01 आई कार्ड

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री सोमवीर सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात।
2- उ0नि0 राहुल कौशिक, उ0नि0 शारिक बेग
3- है0का0 रविन्द्र कुमार, है0का0 गम्भीर सिंह, का0 राजकुमार, का0 रोहित कुमार, का0 श्याम सुन्दर

मीडिया सेल बुलंदशहर